के तार की चोरियों आदि की वजह से लम्बी दूरी की ट्रंक सर्किटों के स्तर में कुछ गिरावट आ गई थी। ट्रंक लाइनों में तांबे के तार को बदल कर उसकी जगह ए० सी० एस० आर० या तांबा ढके स्टील तार लगाने का काम हो रहा है। इन तारों की चोरी होने की सम्भावना कम होती है।

मध्य प्रदेश में स्वचालित टेलीफोन प्रणाली

6238. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या संचार मंत्री मध्य प्रदेश में स्वचालित टेलीफोन प्रणाली के बारे में 27 मार्च 1974 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4746 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि मध्य प्रदेश के शेष जिलों में स्वचालित टेलीफोन प्रणाली कब तक चालू कर दी जाएगी ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० शेर सिंह) : मध्य प्रदेश में सिधी और टीक नामक दो जिलों को छोड़कर बाकी सभी जिलों में इस समय छोटे आटोमेटिक एक्सचेंज मौजूद हैं। सिधी जिले के वैदान नामक स्थान पर वर्ष 74–75 में और टीकमगढ़ जिले के निवान नामक स्थान पर वर्ष 1975–76 में एक एक आटोमेटिक एक्सचेंज खोल दिए जाने की सभावना है।

जहां तक 45 जिला मुख्यालयों का सबंध है 14 जिला मुख्यालयों में आटो एक्सचेंज मौजूद हैं। पांचवीं योजना के दौरान 14 अन्य जिला मुख्यालयों में आटोमेटिक एक्सचेंज खोलने का प्रस्ताव है। छठी योजना की अवधि के प्रारम्भिक भाग में जब आटोमेटिक उपस्कर का उत्पादन बढ़ जाएगा तो बाकी जिला मुख्यालयों में भी आटोमेटिक एक्सचेंज खोल दिए जायेंगे।

बड़े शहरों में वायु प्रदूषण

6239. श्री लम्बोदर बलियार : क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के विभिन्न किन बड़े बड़े शहरों में वायु प्रदूषण अधिक है ;

(ख) सरकार इस प्रकार के प्रदूषण को रोकने के लिये कौन सी योजनाए बनाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) उक्त योजना के अन्तर्गत किन-किन बड़े शहरों को लाने का प्रस्ताव है तथा इन में से प्रत्येक शहर पर कितनी राशि खर्च करने का विचार है ?

औद्योगिक विकास तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री सुब्रह्मण्यम) : (क) बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली तथा कानपुर।

(ख) यद्यपि सरकार द्वारा कोई विशेष योजना नहीं बनाई जा रही है तथापि वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए विधि-निर्माण का मसौदा तैयार किया जा रहा है। भारतीय मानकीकरण संस्थान वायु प्रदूषकों के स्तरों के लिए मानकों को तैयार करने में संलग्न है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Sanction of New Telephone Connections in Delhi

6240. SHRI SUKHDEO PRASAD VERMA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the number of out-of-turn new telephone connections sanctioned in Delhi during the year 1973-74; and

(b) the number of such applications still pending at present and the reasons for delay in providing telephones?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (PROF. SHER SINGH): (a) and (b) The number of out of turn new telephone connections sanc-